प्रेस नोट **18.03.2023**

चोरी की एक ट्रैक्टर के साथ एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 18.03.2023 को थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर फोरलेन बढ़ुवा गोदाम से राकेश यादव पुत्र रामसोच यादव निवासी खानपुर मठिया थाना सरायलखंसी जनपद मऊ के कब्जे से चोरी की एक ट्रैक्टर महिन्द्रा डीआई 265 बरामद कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि यह ट्रैक्टर मै दिनांक 13.03.2023 को अछार चट्टी से चुराया था। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर वादी जयप्रकाश यादव निवासी अछार द्वारा मु0अ0सं0 70/23 धारा 379 भादवि0 का अभियोग पंजीकृत कराया गया था। इस सम्बन्ध में पूर्व में पंजीकृत अभियोग में धारा 411 भादवि0 की बढोत्तरी कर अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

शांति भंग की आशंका में 27 व्यक्ति गिरफ्तार–

आज दिनांक 18.03.2023 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौराल थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा ज्ञान्ती देवी, रावड़ी देवी निवासीगण नसीराबाद, माइकल, टिंकू, सूर्यनाथ निवासीगण पहसा, रामअशीष निवासीगण करबरा, श्यामसुन्दर निवासी सोनाडीह, रोहित, विवेक निवासीगण तरवाडीह थाना हलधरपुर, थाना कोपागंज पुलिस द्वारा अखिलेश, अरविन्द निवासीगण लैरोबेरूवार थाना कोपागंज, थाना मधुबन पुलिस द्वारा रामबाबु, रेनू, देवेन्द्र चौहान, मनाकी देवी निवासीगण सीसवा बलुआ थाना मधुबन, थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा रामअवतार, रमेशचन्द्र, उदेश, रामनिवास निवासीगण सेखवलिया, धर्मेन्द्र, धीरेन्द्र, रामबचन, चन्दन, मंगल, निकेश, श्रवण निवासीगण भातकोल थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ को अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।